# विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण

पंतनगर। 28 सितम्बर 2025। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के सौजन्य से विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के स्नातक छात्रों को औद्योगिक भ्रमण का अवसर मिला। जिसके अंतर्गत कुल 28 छात्रों ने रुद्रपुर स्थित एस.पी. सॉल्वेंट कंपनी का भ्रमण किया, जो पशु आहार निर्माण एवं पशु पोषण से संबंधित उत्पादों का निर्माण करती है। एक–दिवसीय इस शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों ने पशु पोषण उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण तथा मानकीकरण की विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को उद्योग में अपनाई जाने वाली व्यावहारिक तकनीकों से जोड़ना था, ताकि वे भविष्य में अधिक दक्षता और व्यावहारिक समझ के साथ पशु पोषण के क्षेत्र में योगदान दे सकें। भ्रमण के दौरान छात्रों के साथ बीआईएस के परामर्शदाता डा. अमन कांबोज भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को औद्योगिक उत्पादन और मानक परीक्षण की बारीकियों से अवगत कराया। इस भ्रमण के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, बीआईएस यूनिवर्सिटी चेयर डा. एस.बी. सिंह तथा पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. ए.एच. अहमद का विशेष योगदान रहा।

